दिनांक–13.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- नीति आयोग के मानकों पर खरा उतरा प्रदेश, 67 समग्र अंकों के साथ फ्रंट रनर राज्यों में शामिल।
- अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव की मतगणना अब से कुछ देर बाद, 20 चरणों में पूरी होगी वोटों की गिनती।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुंबई में प्रमुख उद्योगपतियों से करेंगे संवाद।
- भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा।

मप्र उपलब्धि

नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में मध्य प्रदेश 67 समग्र अंकों के साथ फ्रंट रनर यानि अग्रिम राज्यों में शामिल हो गया है। प्रदेश ने जिम्मेदारी के साथ उपभोग और उत्पादन, भूमि पर जीवन, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता, सतत शहरी और सामुदायिक विकास तथा गरीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में मध्य प्रदेश 62 अंकों के साथ परफॉर्मेर राज्य था।
एसडीजी इंडिया इंडेक्स 113 संकेतकों पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राष्ट्रीय प्रगति को मापता है और ट्रैक करता है।

पीएम-मुम्बई यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुंबई के गोरेगांव की इंजीनियरिंग सर्विस कम्पनी - एन ई एस सी ओ प्रदर्शनी केंद्र में 29 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क, रेलवे और बंदरगाह परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करते हुए उनकी आधारशिला रखेंगे। शाम को श्री मोदी भारतीय समाचार सेवा सचिवालय में आईएनएस टावर्स का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री 16 हजार 600 करोड़ रुपये की ठाणे बोरीवली सुरंग परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री लगभग पांच हजार 600 करोड़ रुपये की लागत वाली मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का भी शुभारम्भ करेंगे। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य 18 से 30 वर्ष के युवाओं को कौशल और उद्योग के अवसर प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराना है।

अमरवाड़ा मतगणना

अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज भवन, छिंदवाड़ा के दो हॉल में कराई जाएगी। मतगणना के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नगर प्रवेश द्वार

प्रदेश के सभी नगरों में प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कल कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य राजमार्गों के विकास के साथ ही मार्गों पर नगरों की संस्कृति, उनकी ऐतिहासिकता तथा विशिष्ट पहचान को दर्शाते प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जाए। यह प्रवेश द्वार नगरों की पहचान बनने के साथ-साथ मार्गों पर निगरानी करने तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। बैठक में दमोह से शाहगढ़, मुरैना-सबलगढ़, धार-गुजरी, बमिठा-सतना, सतना से चित्रकूट, जबलपुर-दमोह और औबेदुल्लागंज-बैतूल-नागपुर मार्ग के निर्माण स्तर एवं उज्जैन से झालावाड़ मार्ग को फोर लेन करने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

इंदौर रात्रिकालीन बाजार

इंदौर में रात्रिकालीन बाजार एवं व्यवसायिक संस्थानों के संचालन में नई व्यवस्था लागू होगी। इस संबंध में शीघ्र ही नई कार्ययोजना बनाकर बाजार एवं व्यवसायिक संस्थाओं का संचालन रात्रि में होगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने इन्दौर शहर में निरंजनपुर चौराहे से राजीव गांधी चौराहे तक, बी.आर.टी.एस कॉरिडोर में विभिन्न संस्थानों के लिए 24 घण्टे संचालन संबंधी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि कल मुख्यमंत्री ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से इंदौर संभाग के मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में ड्रग के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने और इंदौर में रात्रिकालीन बाजार एवं व्यवसायिक संस्थानों के संचालन के संबंध में नई व्यवस्था लागू करने के संबंध में विषय रखा था।

मुंबई इन्टरेक्टिव सेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में विभिन्न क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपतियों से इन्टरेक्टिव सेशन में संवाद करेंगे। प्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिये होने वाले इन्टरेक्टिव सेशन में गोबल इन्वेस्टर्स समिट -2025 को सफल बनाने के लिए प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। इन्टरेक्टिव सेशन की शुरूआत सुबह 10 बजे से होगी। मुख्यमंत्री प्रारंभिक सत्र को संबोधित करेंगे। साथ ही उद्योगपतियों से राउण्ड टेबल मीटिंग एवं वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे।

रोबोकॉन इंडिया-2024

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- आईआईटी दिल्ली और प्रसार भारती आज से दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में दो दिवसीय रोबोट प्रतिस्पर्धा डीडी रोबोकॉन इंडिया-2024 आयोजित करेंगे। इस प्रतिस्पर्धा में देश भर से 45 से अधिक कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालयों के 750 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रतिस्पर्धा में, रोबोट निश्चित समय सीमा में जटिल कार्यों को पूरा करेंगे। इस प्रतिस्पर्धा में विजयी टीम वियतनाम के क्वाननिन्ह में अंतर्राष्ट्रीय एशिया प्रशान्त प्रसारण संघ रोबोकॉन 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

क्रिकेट-भारत-जिम्बाब्वे

भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो-एक से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच हरारे में ही कल खेला जाएगा। शुभमान गिल के नेतृत्व में पहले मैच में भारत को जिम्बाब्वे से 13 रन से हार का सामना करना पडा था। इसके बाद भारत ने अगले दोनों मैच जीतकर श्रृंखला में दो-एक की बढत ले ली थी।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। भोपाल-इंदौर समेत 12 जिले कल जमकर भीगे, जबकि आज 8 जिलों में तेज बारिश की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी गुजरात में सक्रीय एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राज्य में बारिश हो रही है। आज पूरे प्रदेश में गरज-चमक की स्थिति रहेगी। बिजली गिरने की भी आशंका है। वहीं, अधिकतर जिलों में धूप-छांव की स्थिति रहेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सरकार ने प्रति वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाया था।
- डिंडोरी जिले में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम जरहानैझर आयोजित हुआ।
- भोपाल के लालघाटी क्षेत्र से संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ तक, लालघाटी से विमानतल तक, विमानतल से मुबारकबुर चौराहा क्षेत्र तक तथा विमानतल से करोंद चौराहे तक के क्षेत्र में किसी भी भवन, मैरेज गार्डन में विवाह एवं अन्य किसी भी प्रकार के जुलूस के दौरान लेजर बीम लाइट के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- खण्डवा जिले में जिला स्तरीय दल ने विभिन्न ग्रामों में खेतों की फसलों का निरीक्षण किया और किसानों को कीट नियंत्रण के लिए सलाह दी।
- मंदसौर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग ने रूनीजा रोड ट्रेचिंग ग्राउंड पर पौधारोपण किया गया।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित श्री आस्था अकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों से 10 प्रतिशत अधिक शुल्क राशि वसूलने पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है ।
- छिन्दवाड़ा में मोती की खेती करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तालाबों के चयन और स्व सहायता समूहों को इससे जोड़ने पर भी चर्चा हुई।
- निवाड़ी में कलेक्टर ने कल पृथ्वीपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लुहरगवां में जन चोपाल लगाकर आमजन की समस्याओं को सुना और स्थल पर ही उनका निराकरण कराया।
- मुरैना में पीएम जन-मन कार्यक्रम के तहत कल पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जोगीपुरा में टीम ने घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- नीति आयोग के मानकों पर खरा उतरा प्रदेश, 67 समग्र अंकों के साथ फ्रंट रनर राज्यों में शामिल।
- अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव की मतगणना अब से कुछ देर बाद, 20 चरणों में पूरी होगी वोटों की गिनती।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुंबई में प्रमुख उद्योगपतियों से करेंगे संवाद।
- भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा।

..................................